
चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 144 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
17 नवंबर 2024
रविवार

आज का मौसम
30 अधिकतम
21 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो




Page-4

## 6200 किमी प्रति घंटा रफ्तार, बढ़ी सैन्य ताकत

# हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण सफल, आवाज से पांच गुना तेज

**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारत ने आज रविवार को लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण कर लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे सैन्य ताकत की दिशा में एक अहम कदम बताया है। जानकारी के अनुसार, यह मिसाइल 1500 किमी से अधिक रेंज के लिए विभिन्न पेलोड्स ले जाने के लिए डिज़ाइन की गई है। सिंह ने कहा, %भारत ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा के तट से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि है और भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास ऐसी महत्वपूर्ण और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियां हैं। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने बताया कि मिसाइल को विभिन्न रेंज सिस्टम द्वारा ट्रैक किया गया और फ्लाइट डेटा से यह पुष्टि हुई कि टर्मिनल मैन्युवर्स और लक्षित



क्षेत्र में प्रक्षिप्ति सटीकता के साथ सफल रहे। जानकारी के अनुसार, हाइपरसोनिक मिसाइल ऊपरी वायुमंडल में ध्वनि की गति से पांच गुना से ज्यादा गति से यात्रा करती हैं। इस तरह से यह लगभग 6,200 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से जाती है। यह अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल से धीमी है, हालांकि, हाइपरसोनिक ग्लाइड वाहन का आकार इसे लक्ष्य की ओर या रक्षा से दूर जाने की अनुमति देता है। ग्लाइड वाहन को एक मिसाइल के साथ जोड़ना जो इसे आंशिक रूप से कक्षा में लॉन्च कर सकता है।

# मणिपुर बेकाबू
## 3 मंत्री, विधायकों व सीएम के दामाद के घर हमले किए

**इंफाल।** मणिपुर में हालात लगातार नाजुक बने हुए हैं। सैन्य बलों के अभियान में कुकी-जो समुदाय के 10 विद्रोहियों के मारे जाने के बाद जिरिबाम में मैतेई समुदाय के छह लोगों की लाशें मिलने से पूरे राज्य में जबरदस्त तनाव है। आतंकियों की तरफ से मैतेई समुदाय की तीन महिलाओं और तीन बच्चों का एक कैंप से कथित तौर पर अपहरण करने के बाद इन्हें मौत के घाट उतार दिया गया था। इसके बाद से ही पूरे क्षेत्र में हिंसा भड़क उठी और मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के दामाद समेत कई विधायकों और नेताओं के घरों को निशाना बनाया गया है। राजधानी इंफाल में प्रदर्शनकारियों ने सरकार के तीन मंत्रियों और छह विधायकों के घरों पर हमला किया था। इनमें भाजपा विधायक और एन. बीरेन सिंह के दामाद आरके इमो का घर भी शामिल था। गुस्साई भीड़ ने कई संपत्तियों में आग भी लगा दी थी। सुरक्षाबलों ने इन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े थे। रविवार को सड़क पर इसी हिंसा से जुड़े कई निशान देखे गए।

## दुनिया की 125 सुंदरियों की बीच जीत

# मिस यूनिवर्स बनीं विक्टोरिया कजेर, डेनमार्क की पहली जीत

**मैक्सिको. एजेंसी**

डेनमार्क की विक्टोरिया कजेर ने मिस यूनिवर्स 2024 का खिताब आज अपने नाम कर लिया है। इससे दुनिया की सबसे मान्यता प्राप्त सौंदर्य प्रतियोगिता में डेनमार्क को पहली जीत हासिल हुई है। उन्हें मिस निकारागुआ, शेन्निस पलासियोस ने ताज पहनाया। फर्स्ट रनरअप नाइजीरिया की चिडिम्मा एडेत्शिना रहीं। वहीं, दूसरी रनरअप मेक्सिको की मारिया फर्नांडा बेल्ट्रान हैं। मेक्सिको के एरेना सीडीएमएक्स में आयोजित समारोह में विक्टोरिया कजेर थीलविग ने दुनियाभर से 125 से अधिक प्रतियोगियों को हराया, जो प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता के इतिहास में डेनमार्क की पहली जीत थी। वहीं मेक्सिको की मारिया फर्नांडा बेल्ट्रान पहली रनर-अप के रूप में उभरीं, जबकि नाइजीरिया की निडिम्मा एडेत्शिना दूसरी रनर-अप के रूप में समाप्त हुईं। शीर्ष पांच फाइनलिस्टों में थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंगश्री और



वेनेजुएला की इलियाना मार्केज भी शामिल थीं, जिन्होंने इस साल के आयोजन में प्रतिभा और सुंदरता के विविध प्रतिनिधित्व का प्रदर्शन किया। 2004 में डेनमार्क की राजधानी क्षेत्र के सोबोर्ग, ग्रिब्सकोव में जन्मीं विक्टोरिया का पालन-पोषण कोपेनहेगन में हुआ। एक पेशेवर डांसर के रूप में विक्टोरिया ने काफी तारीफें बटोरीं, और अब उनका लक्ष्य एक वकील बनना है। वह नियमित मानसिक स्वास्थ्य सहायता की वकालत करती हैं। साथ ही पशु अधिकारों के मुद्दों का समर्थन और एक सौंदर्य उद्यमी के रूप में काम करती हैं।

## महाराष्ट्र में सरगर्मी: राहुल-प्रियंका सक्रिय, मप्र के मुख्यमंत्री भी महाराष्ट्र पहुंचे

# हाईवोल्टेज प्रचार के बीच रैलियां छोड़कर शाह दिल्ली लौटे, शिवराज ने संभाला मोर्चा

**नई दिल्ली/मुंबई/भोपाल.एजेंसी**

महाराष्ट्र विधानसभा की सरगर्मी बढ रही है। आज भाजपा व कांग्रेस के कई दिग्गज नेता वहां प्रचार के लिये पहुंचे हैं। मप्र के सीएम मोहन यादव भी महाराष्ट्र में हैं लेकिन चुनाव प्रचार के बीच बड़ी खबर है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की आज विदर्भ में होने वाली सभी रैलियां रद्द कर दी गई हैं। वह नागपुर से दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। दरअसल विदर्भ में आज अमित शाह की बडी रैली की तैयारी थी लेकिन वह दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, गढ़चिरौली और वर्धा में अमित शाह की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज रैलियां करेंगी, बाकी दो जगहों पर अमित शाह की गैरमौजूदगी में शिवराज सिंह चौहान रैली को संबोधित करेंगे।



राज्य में चुनाव प्रचार का कल आखिरी दिन है। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को वोटिंग होनी है। नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।







महाराष्ट्र में सरगर्म विधानसभा चुनाव माहौल के बीच अब बारामती में चुनाव आयोग के अधिकारियों ने शरद पवार के बैग की जांच की। इससे पहले बीते दिन अमरावती में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बैग की भी तलाशी ली गई थी। मामला इसलिए अहम है, क्योंकि विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाता रहा है। उसे चुनाव आयोग की कार्रवाइयों पर भी सवाल उठाए हैं। ऐसे ही जब शिवसेना (यूबीटी) उद्धव ठाकरे के बैग की जांच की गई थी, तब विपक्ष ने चुनाव आयोग की कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण करार दिया था।

## पीएम को शहर की चाबी सौंपी



**अबुजा.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार तड़के नाइजीरिया पहुंच गए हैं। यह 17 सालों में इस पश्चिम अफ्रीकी देश में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला दौरा है। पीएम का अबुजा पहुंचने पर नाइजीरिया की केंद्रीय राजधानी क्षेत्र के मंत्री ने उनका स्वागत किया और उन्हें प्रतीकात्मक रूप से अबुजा के 'शहर की चाबी भेंट' की। यह परंपरागत विश्वास का प्रतीक है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, धन्यवाद राष्ट्रपति टिनूबू। मेरी कामना है कि यह यात्रा हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय मित्रता को और गहरा बनाए।

## एसडीएम की गाड़ी से टक्कर में दो मौत

**खरगोन. एजेंसी**

आज सुबह भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जिस स्कॉर्पियो ने ईको कार को टक्कर मारी, उस पर एसडीएम लिखा था। से कार में सवार दोनों की इसमें जान गई। जबकि 5 लोग घायल हैं, जिनमें स्कॉर्पियो का ड्राइवर भी शामिल है। हादसा आज सुबह 6.40 बजे हुआ। मृतकों की पहचान रामलाल और शोभाराम के रूप में हुई है। कार डालकी से बुरहानपुर जा रही थी तथा एक बारात का हिस्सा थी। स्कॉर्पियो गाड़ी बड़वानी जिले के सेंधवा एसडीएम की बताई जा रही है। घायल ड्राइवर का भी इलाज जारी है। हादसा पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने जवाहर मार्ग के मोड पर हुआ। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## अब मप्र में वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्टस काम्पलेक्स

**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना का निरंतर विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री यादव कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम देवास में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के भूमि पूजन कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी विक्रम अवार्ड करने के साथ-साथ एशियाड और ओलंपिक में अवार्ड अर्जित करने की ओर भी अग्रसर हो रहे हैं। सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्टस काम्पलेक्स अन्तर्गत सभी जिलों में खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा।

**सूचना:** तकनीकी समस्याओं के चलते आज का अंक चार पृष्ठ का दिया जा रहा है।

## पहले 80 करोड़ की चांदी, अब 16 करोड़ का सोना पकड़ा

**मुंबई।** महाराष्ट्र चुनाव के बीच कई बार नकदी आदि की बरामदगी के मद्देनजर पुलिस और जांच एजेंसियां सतर्क हैं। इसके चलते अब मुंबई में 80 करोड़ की चांदी के बाद नागपुर में 14 करोड़ से ज्यादा का सोना जब्त किया गया है। राज्य में 20 नवंबर को वोटिंग होनी है। चुनाव के मद्देनजर जांच एजेंसियां और पुलिस राज्य में होने वाली गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। यह सोना जेवरात और बिस्किट के रूप में सोना गुजरात की कंपनी सीक्वेल लॉजिस्टिक्स द्वारा ले जाया जा रहा था।

## राष्ट्रपति की पत्नी ने मस्क को कहे अपशब्द

**वांशिगटन।** ब्राजील के राष्टपति लूला डी सिल्वा की पत्नी यानी ब्राजील की फर्स्ट लेडी जान्जा लूला डी सिल्वा ने त्20 के एक कार्यक्रम में अरबपति एलॉन मस्क के खिलाफ अपशब्द कहे। जान्जा ने ये बातें तब कहीं जब वह सोशल मीडिया को नियंत्रित करने की जरूरत पर बात कर रही थीं, ताकि गलत जानकारी को रोका जा सके। तभी एक जहाज की आवाज सुनाई दी. उन्होंने मजाक करते हुए कहा, मुझे लगता है कि यह एलॉन मस्क है। इसके बाद उन्होंने जोड़ा, मैं तुमसे नहीं डरती, यू, एलॉन मस्क. मस्क ने उनकी टिप्पणी का वीडियो देखने के बाद एक हंसी के इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, ब्राजील में वो अगला चुनाव हारने जा रही हैं। इस साल मस्क के सोशल मीडिया नेटवर्क को ब्राज़ील में एक महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था।





**मेट्रो एंकर**

## हिजबुल्लाह ने ली जिम्मेदारी, भड़का इजरायल

# इजरायली प्रधानमंत्री के घर दूसरी बार फ्लैश बम से किया बड़ा हमला

**यरूशलम, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर को बम से निशाना बनाया गया है। जानकारी के मुताबिक, उत्तरी इस्राइली शहर कैसरिया में नेतन्याहू के घर की ओर दो फ्लैश बम दागे गए। गनीमत रही कि बम घर के बाहर बगीचे में ही गिर गए। पुलिस ने बताया कि घर पर कोई मौजूद नहीं था। फिलहाल किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। इस घटना से पहले 19 अक्टूबर को इसी आवास को निशाना बनाया गया था। तब इस पर ड्रोन के जरिए हमले की कोशिश की गई थी। इसकी जिम्मेदारी ईरान समर्थित हिजबुल्ला ने ली थी। तब नेतन्याहू ने हिजबुल्ला पर उनकी और उनकी पत्नी की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। 23 सितंबर के बाद से इस्राइल ने लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमले तेज कर रखे हैं। इस घटना की राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने निंदा की। इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि अब हद की सीमा पार हो चुकी है, हमारी सब्र का बांध टूट चुका है। उन्होंने सुरक्षा और न्यायिक एजेंसियों से जरूरी और कठोर कदम उठाने को कहा है। नेतन्याहू सरकार में मंत्री इतामार बेन-गविर ने



कहा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ उकसावे की कार्रवाई ने सभी हदों को पार कर दिया है। उनके घर पर फ्लैश बम दागना हमारे सब्र की परीक्षा लेने जैसा है। सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि कैसरिया शहर में स्थित नेतन्याहू के आवास के पास दो बम गिराए गए। यह घटना काफी गंभीर है। पुलिस और शिन बेट आंतरिक सुरक्षा एजेंसी के संयुक्त बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री के आवास के बाहर गार्डन में दो फ्लेयर्स गिरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। यह एक गंभीर घटना है और इसके गंभीर परिणाम होना तय है।

## 33 केवी के विद्युत सबस्टेशन से रोशन होंगे गरेंठा क्षेत्र के 18 गांव

# विधायक उमाकांत शर्मा ने दी तीन करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

सिरोंज , दोपहर मेट्रो

गरेंठा क्षेत्र के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों के किसानों को अब खेती के लिए बोल्टेज के साथ पर्याप्त बिजली आपूर्ति एवं चौबीस घंटे घरेलू बिजली का भरपूर लाभ मिल सकेगा। शनिवार को विधायक उमाकांत शर्मा ने ग्राम गरेंठा में करीब दो करोड़ तेरानवे लाख की लागत से बनकर तैयार हुए 33/11 केव्ही के विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण करते हुए जनता को समर्पित किया। इसके अलावा गरेंठापंचायत की चार सीसी सड़को का भी भूमिपूजन किया। इस तरह गरेंठा क्षेत्र को विधायक उमाकांत शर्मा ने तीन करोड़ चार लाख के विकास कार्यों की सौगात प्रदान की।






गरेंठा गांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि विधान सभा चुनाव के पहले हमने इस सब स्टेशन की नींव रखी थी। इसके अलावा सिरोंज लटेरी में और भी सबस्टेशन बनाने का काम चल रहा है। मैने तब भी कहा था और आज भी कहता हूं कि देश में ओर मध्यप्रदेश में केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही हैं जो गांव गरीब किसान के समग्र विकास को लेकर काम करती हैं। आज मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव क्षेत्र के चहुमुंखी विकास के लिए प्रयत्नशील है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का नाम ओर मान विश्व पटल पर स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो रहा है। पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के प्रयासों से गरेंठा के किसानों को खेती के लिए डेम की सौगात मिली थी लेकिन किसानों को पर्याप्त बिजली प्रदान करने का उनका अधूरा सपना को आप सबके सहयोग से आज पूरा हो रहा है। मैने सिरोंज लटेरी क्षेत्र को स्वर्णिम बनाने का लक्ष्य लिया है इस दिशा में हम लगातार काम कर रहें हैं। आज गरेंठा में तैंतीस केव्ही के विद्युत सब स्टेशन बन जाने से इस क्षेत्र के अठारह से अधिक गांवों के किसान और निवास करने वाली ग्रामीण जनता को पर्याप्त बोल्टेज के साथ आए दिन होने वाली बिजली संबंधी समस्याओं का स्थाई रूप से निराकरण हो सकेगा। इसके पूर्व बिजली विभाग के डीई राजू भागौर ने सिरोंज लटेरी क्षेत्र में विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से बिजली के क्षेत्र में किए जा रहे कामों की जानकारी दी।



कार्यक्रम के दौरान इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और उनके उचित निराकरण के निर्देश मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को दिए। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष झारसिंह दांगी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी, जनपद के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र बघेल, जनपद सदस्य कलेक्टर सिंह यादव, हीराबाई वंशकार, एई राजीव रंजन, सरपंच आदि के साथ भाजपा के मंडल पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

### गरेंठा के 18 गांवों को मिलेगा सीधा लाभ

गरेंठा में 33/11 केव्ही के सब स्टेशन बन जाने से क्षेत्र के अठारह से अधिक गांव के किसान लाभान्वित होंगे। इसके अलावा आए दिन तार टूटने की समस्या,कम बोल्टेज की समस्या के साथ अन्य सभी समस्याओं से भी निजात मिल सकेगी। वहीं किसानों को खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में सुगमता के साथ बिजली मिल सकेगी। गरेंठा के विद्युत सबस्टेशन से लाभान्वित होने वाले गांवों में गरेन्ठा, सुगन्याई, पारधा, पठेरा, साँझर, अमीरगढ़, मिर्जापुर, पैकोली, अजीमाबाद, नाऊखेड़ा, भूकरी, हैवतगंज, मुजफ्फरगढ़, बांसखेड़ी, कोरवासा, विशनपुर, ओखलीखेड़ा, सालपुरखुर्द आदि शामिल हैं।

## जिला रिर्सोस पर्सन हेतु आवेदन 20 तक आमंत्रित

सिरोंज , दोपहर मेट्रो

विदिशा उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक जी गिरवाल ने बताया कि विभागीय योजनाओं के तहत जिला रिर्सोस पर्सन चयन हेतु आवेदन बीस तक आमंत्रित किए गए हैं। योग्यता धारक आवेदक आवेदन मय दस्तावेजों के कार्यालय सहायक संचालक उद्यान पुरानी कलेक्ट्रेट जिला विदिशा में कार्यालयीन समयावधि प्रातः दस बजे से सायं पांच बजे तक ऑफलाईन आवेदन जमा किए जा सकते हैं। ततंसबंध अन्य विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9179158967 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

विभाग के सहायक संचालक गिरवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएम-एफएमई) स्कीम अंतर्गत योजना के दिशा निर्देश अनुसार जिला स्तरीय कियान्वयन समिति का गठन किया जा चुका है। आत्म निर्भर भारत अभियान के दिशा-निर्देश अनुसार जिला एवं क्षेत्रीय स्तर पर सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण ईकाई स्थापित करने के इच्छुक लाभार्थियों को हँड होल्डिंग सहायता उपलब्ध कराने हेतु जिला रिसोर्स पर्सन (फेसिलेटर) के रूप मे चयन किया जाना है। योग्यताएं के लिए प्राथमिकता संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण के द्वारा जिलों के लिए तय की गई है तदानुसार संसाधन व्यक्तियों की प्रथम प्राथमिकता खाद्य प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा, डिग्री तथा अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को दी जाएगी। खाद्य प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा, डिग्री वाले तथा बिना अनुभव वाले व्यक्तियों को दूसरी प्राथमिकता दी जाएगी। कृषि में डिग्री और खाद्य प्रौद्योगिकी तथा डीपीआर आदि तैयार करने में अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को तीसरी वरीयता दी जाएगी। डीपीआर में प्रासंगिक ज्ञान, अनुभव के साथ किसी भी क्षेत्र में स्नातक या समकक्ष डिग्री वाले व्यक्तियों को चौथी वरीयता दी जाएगी।

### जिला रिसोर्स पर्सन के कार्य

रिसोर्स पर्सन, एकल उद्योगो एवं समूह को डीपीआर तैयार करने बैंक से ऋण लेने एफएसएसएआई के खाद्य मानको, उद्योग आधार, जीएसटी आदि सहित आवश्यक पंजीकरण एवं लायसेंस प्राप्त करने में सहायता जैसी हेल्ड होल्डिंग सेवाये प्रदान करेगे। तथा प्रत्येक लाभार्थी को उपलब्ध कराई गई सहायता के आधार पर रिसोर्स पर्सन को भुगतान बैंक से ऋण स्वीकृति के आधार पर 20000/- रूपये के मान से किया जायेगा। 50 प्रतिशत राशि का भुगतान ऋण की स्वीकृति के पश्चात किया जायेगा ती शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान उद्योग आधार पंजीकरण प्राप्त होने तथा एफएसएसएआई मानको के अनुपालन परियोजना के इम्प्लीमेटेंशन तथा ट्रेनिंग प्रदान करने के पश्चात् किया जायेगा।

### प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में आयोजन हुआ

**विदिशा।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय विदिशा में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। संस्था की प्राचार्य डॉ. सुमन कटारिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री सुरेंद्र रघुवंशी जी एवं जन भागीदारी सदस्य ने भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की थी।

## ई-श्रम पोर्टल पर दर्ज असंगठित श्रमिकों को खाद्यान्न का लाभ

सिरोंज , दोपहर मेट्रो

विदिशा असंगठित प्रवासी श्रमिकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अतर्गत निःशुल्क खाद्यान्न से लाभांवित किये जाने हेतु शासन निर्देशानुसार जिले में अभियान चलाया जा रहा है। शासन द्वारा ई श्रम अंतर्गत पंजीकृत असगठित ध् प्रवासी श्रमिक जिनको अभियान के दौरान अपूर्ण पते होने एवं दिये गये पते पर निवासरत नहीं होने आदि विभिन्न कारणों से श्रमिकों को चिन्हांकित नहीं किया गया है, इन समस्त श्रमिकों को अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की जा रही है जिसकी एसएमएस के माध्यम से संबंधित श्रमिक को सूचना दी गई है।




जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू ने बताया कि अस्थाई पात्रता पर्ची भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर जारी की जाएगी, जिसमें श्रमिक का यूएएन नम्बर, श्रमिक का नाम, जिले का नाम पता पिन कोड नंबर एवं मोबाईल नंबर का विवरण उपलब्ध होगा। इसके अलावा ईश्रम पोर्टल केवल श्रमिक का ही पंजीयन होता है, परिवार के शेष सदस्यों की जानकारी उपलब्ध नहीं होती है इसलिये अस्थाई पात्रता पर्ची केवल एक श्रमिक की ही जारी की जाएगी जिसके नाम से भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन है।

पात्रता पर्ची कैसे प्राप्त करें के संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू ने बताया कि अस्थाई पात्रता पर्ची, यूएएन नम्बर से डाउनलोड करने की सुविधा राशन मित्र पोर्टल के डीएससी, डीएसओ, जेएसओ, स्थानीय निकाय/ग्राम पंचायत/वार्ड कार्यालय के लॉगइन पर उपलब्ध रहेगी।

श्रमिक अपने ई-श्रम कार्ड के साथ जब अपनी अस्थाई पात्रता पर्ची सर्च करेगा तत्पश्चात निर्धारित प्रक्रिया अनुसार वैध दस्तावेज (परिवार समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं पात्रता संबंधी दस्तावेज) आदि को राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज करते हुये सत्यापन करेगा इसके बाद श्रमिक की स्थाई पात्रता पर्ची जारी की जाएगी। श्रमिक का सत्यापन एवं स्थाई पात्रता पर्ची जारी होने के उपरांत ही राशन सामग्री की पात्रता होगी। शासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अस्थाई पात्रता पर्ची जारी होने के 03 माह के अंदर यदि श्रमिक स्थाई पात्रता पर्ची लेने हेतु आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करता है तो उसकी अस्थाई पर्ची निरस्त कर दी जाएगी।

अतः ई श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित श्रमिक जिन्हें मोंबाईल पर एसएमएस प्राप्त हुए है। वह अपनी ग्राम पचायत/जनपद पंचायत कार्यालय, वार्ड कार्यालय/ नगरपालिका कार्यालय से संपर्क कर अस्थाई पात्रता पर्ची को स्थाई कराने हेतु वैध दस्तावेज (परिवार समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं पात्रता संबंधी दस्तावेज) आवश्यक रूप से उपलब्ध कात देवे, जिससे आगामी माह से खाद्यान्न लाभ प्राप्त हो सके।

### टीएल बैठक आज, एजेंडा जारी

**विदिशा।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में हरेक सोमवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक समय सीमा (टीएल) बैठक का एजेंडा बिंदू जारी की गई है। संयुक्त कलेक्टर एवं टीएल बैठक की जिला नोडल अधिकारी श्रीमती मोहनी शर्मा ने बताया कि इस सप्ताह की समीक्षा बैठक का एजेन्डा बिन्दु राजस्व वसूली पर चर्चा,सी.एम. हेल्पलाईन 50 दिवस एवं ग्रेडिंग माह की समीक्षा प्र.अधि. ,पी.एम. जनमन, खाद एवं बीज की आपूर्ति, भण्डारण एवं वितरण, राजमार्गो से निराश्रित पशुओं को हटाने की कार्यवाही की समीक्षा, जल जीवन मिशन एवं परियोजनाओं के हस्तांतरण की स्थित,आकांक्षी जिला योजना,नीति आयोग केपीआईएस की समीक्षा, स्वास्थ्य विभाग के कार्यों तथा आयुष्मान पखवाडा रिर्पोट,पेंशन प्रकरणों की जानकारी शामिल हैं।

## निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों का निरीक्षण



सिरोंज , दोपहर मेट्रो

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिन विभागों के भवनों का निर्माण कार्य एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। उन विभागों के जिला अधिकारी भवनों की गुणवत्ता एवं ड्राइंग के अनुसार कार्य हो रहे हैं कि नहीं की सतत मानीटिंग स्वयं भ्रमण कर करे। कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा प्रसारित निर्देश के अनुपालन में आज महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्री भरत सिंह राजपूत ने विदिशा विकास खंड में पीएम जन-मन योजना के तहत 28 लाख 26 हजार की लागत से ग्राम करोदिया बागोद में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया है।

### सहिष्णुता दिवस मनाया गया



**विदिशा।** शासकीय उमावि माधवगंज कमांक-2 विदिशा में आंनद विभाग विदिशा की टीम द्वारा सहिष्णुता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सबसे पहले राज्य आंनद संस्थान का वीडियो द्वारा परिचय कार्यकम दिखाया गया तत्पश्चात मास्टर ट्रेनर श्री संजय श्रीवास्तव ने जीवन का लेखा जोखा सत्र के माध्यम से स्टॉफ एंव छात्रो को अपने अनुभवों के साथ आंनद वढाने के तरीको बतलाया गया है। सहिष्णुता के विस्तृत अर्थ को विदित कराते हुए स्कूल की प्राचार्य श्रीमती मीना तोमर ने आंनद विभाग की सार्थक पहल की प्रशंसा की कक्षा 12 की छात्रा कु राखी नामदेव एवं छात्र अखिलेश अहिरवार ने कार्यक्रम से प्रभावित होकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिये आंनद विभाग की टीम को साधुवाद ज्ञापित किया है। कार्यकम में स्कूल के शिक्षक श्रीमती रेणुका विकम, श्रीमती ममता त्रिपाठी, श्रीमति सुजाता गुर्जर, श्रीमती शशिबाला विक्रम, श्रीमति अंजना शर्मा, श्री एस डी सिसोदिया, श्रीमती अनामिका नामदेव और विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर**

### मैरिज गार्डनों में बिना लाइसेंस शादियां सुरक्षा मानकों और स्वच्छता का कोई ख्याल नहीं! फायर सेफ्टी उपकरण नदारद

# मैरिज गार्डन बने खतरों के अड्डे, बिना अनुमति-बगैर सुरक्षा, प्रशासन की अनदेखी

सिरोंज , दोपहर मेट्रो

के मैरिज गार्डनों में लगातार नियमों का उल्लंघन सामने आ रहा है। इन जगहों पर हजारों लोग अपने प्रियजनों की शादियों में शामिल होते हैं, लेकिन वे शायद नहीं जानते कि ये गार्डन बिना किसी कानूनी अनुमति और सुरक्षा मानकों के चलते हैं। सिरोंज के कई मैरिज गार्डन बिना किसी लाइसेंस के काम कर रहे हैं और फिर भी प्रशासन आँखें मूंदे बैठा है।

### अनुमति और लाइसेंस का अभाव

सिरोंज के अधिकतर मैरिज गार्डन बिना वैध लाइसेंस के चल रहे हैं। गार्डन मालिक सिर्फ जुगाड़ और पैसे के बल पर ही ये गार्डन चला रहे हैं, जिससे सुरक्षा के नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं। कोई नियामक प्राधिकरण इस पर ध्यान नहीं दे रहा, जिससे आम नागरिकों की जान खतरे में है।

### फायर सेफ्टी उपकरण की कमी

अधिकतर गार्डनों में फायर सेफ्टी के बुनियादी इंतजाम भी नहीं हैं। फायर सेफ्टी उपकरणों का तो अता-पता ही नहीं है न कोई फायर अलार्म, न अग्निशमन यंत्र ये जगहें जैसे श्बारूद के ढेर पर बैठकर शादी का जश्न मनाने जैसी स्थिति में हैं। एक छोटी सी चिंगारी बड़ा हादसा बन सकती है, और इससे कई जिंदगियाँ खतरे में पड़ सकती हैं। प्रशासन की इस लापरवाही से सवाल उठता है क्या सिरोंज के अधिकारियों को किसी बड़े हादसे का इंतजार है? इन अव्यवस्थित मैरिज गार्डनों में आगजनी की स्थिति में लोगों की जान की जिम्मेदारी कौन लेगा? स्थानीय नागरिक प्रशासन से यह सवाल कर रहे हैं कि आखिर क्यों इन गार्डनों को बिना किसी जांच-पड़ताल के चलने दिया जा रहा है।


फाइल फोटो

### साफ-सफाई का अभाव

इन गार्डनों में स्वच्छता का स्तर भी बेहद खराब है। शादी और समारोह के बाद जगह-जगह कचरा फैल जाता है, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि इससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। कचरे का निपटान सही ढंग से नहीं किया जा रहा है और यहाँ तक कि कई गार्डनों में शौचालय की सफाई का भी प्रबंध नहीं है, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।

### अधिक भीड़ और यातायात की समस्या

ज्यादातर मैरिज गार्डन शहर के बीचोंबीच हैं, जहां पार्किंग की जगह की कमी है। शादी के समय गाड़ियों की भारी भीड़ लग जाती है, जिससे यातायात जाम की समस्या बढ़ जाती है। कई बार पुलिस और ट्रैफिक विभाग को हस्तक्षेप करना पड़ता है, लेकिन इससे स्थानीय लोग बहुत परेशान हो जाते हैं।

### प्रशासन की अनदेखी

स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता ने आम जनता को निराश किया है। सिरोंज के नागरिक प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इन अवैध गार्डनों पर कार्रवाई की जाए, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। कुछ लोगों का मानना है कि अधिकारियों की मिलीभगत के कारण ही ये गार्डन बिना किसी समस्या के चल रहे हैं।

### शोरगुल और ध्वनि प्रदूषण

मैरिज गार्डनों में देर रात तक तेज आवाज में संगीत बजता है, जिससे आसपास के निवासियों को परेशानी होती है। ध्वनि प्रदूषण के कारण बच्चों, बुजुगों और बीमार लोगों की नींद और स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। प्रशासन ने इस मुद्दे पर कोई कदम नहीं उठाया है, जिससे स्थानीय लोग असंतुष्ट हैं।

### मूलभूत सुविधाओं की कमी

कई मैरिज गार्डनों में पानी और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं का भी अभाव है। शादी के दौरान पानी की कमी और बार-बार बिजली जाने की समस्या होती है, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। यह समस्या खासकर गर्मी के मौसम में और बढ़ जाती है।

### प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव

अवैध रूप से चल रहे इन गार्डनों में पानी और बिजली का अत्यधिक दुरुपयोग हो रहा है, जिससे क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव पड़ रहा है। सिरोंज के नागरिकों का मानना है कि इन गार्डनों के अवैध उपयोग के कारण आम जनता को पानी और बिजली की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां स्पष्ट है कि सिरोंज के मैरिज गार्डन न केवल नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं बल्कि सामाजिक, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर भी नकारात्मक असर डाल रहे हैं। सिरोंज के नागरिक प्रशासन से यह उम्मीद करते हैं कि वह इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करेगा और इन गार्डनों को नियमों के दायरे में लाने के लिए ठोस कदम उठाएगा।

### इनका कहना है

सिरोज के सभी मैरिज गार्डन बिना वैध अनुमति के संचालित हो रहे हैं। जांच के दौरान हमने पाया कि इनके पास न तो लाइसेंस हैं, न ही कोई सुरक्षा दस्तावेज। ये गार्डन नियमों का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। कलेक्टर की गाइडलाइन के तहत हमने इन्हें नोटिस जारी किए हैं और यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि उन्होंने समय पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया, तो कानूनी कार्रवाई करेंगे।

-राम प्रकाश साहू
प्रभारी मुख्य नपा अधिकारी



भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी में जेपी नगर यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री की दीवारों पर गैस पीड़ित संगठन द्वारा पेंटिंग बनाई जा रही है। इसमें बच्चे भी भाग ले रहे हैं।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने जमकर मारपीट, मामला दर्ज

**दोनों पक्षों के एक दर्जन घायल, आधा दर्जन का अस्पताल में चल रहा इलाज**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र गांव चांदपुर में शुक्रवार शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसर पर लाठी-डंडों से मारपीट की है। विवाद में दोनों पक्षों की ओर से एक दर्जन लोगों को चोटें आई हैं, जिनमें से आधा दर्जन लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बलवा और मारपीट का काउंटर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम चांदपुर थाना ईंटखेड़ी में एक व्यक्ति की जमीन है। उक्त जमीन पर राजेंद्र मीना का परिवार वर्षों से से खेती किसानी कर रहा है। इसी गांव में रहने वाले विनोद मीना और निवास मीना को इस बात पर आपत्ति है कि राजेंद्र दूसरे व्यक्ति की जमीन पर खेती क्यों कर रहा है। दोनों ने जमीन के मालिक से संपर्क किया और कहा कि वह अपनी जमीन को राजेंद्र मीना से मुक्त करवा लें। इसको लेकर दोनों ने काफी प्रयास किए। राजेन्द्र मीना और दूसरे पक्ष के विनोद समेत निवास मीना के बीच इसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे एक बार फिर दोनों परिवार के बीच जमीन की बात को लेकर विवाद हो गया।

विवाद बढ़ने पर दोनों एक-दूसरे से मारपीट कर दी। पुलिस ने दर्ज किया काउंटर केस पुलिस ने इस मामले में पप्पीबाई मीना की शिकायत पर विनोद मीना, अमन, सुभाष, निवास, सोनू, हिमाशुं तथा हिमांक के खिलाफ बलवा और मारपीट का केस दर्ज किया है। इसी प्रकार दूसरे पक्ष के विनोद मीना की रिपोर्ट पर राजेन्द्र मीना, राजेश, ह्देश, मलखान, संजय, रवि, विक्रम, सदाराम और जगदीश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद गिरफ्तारियां की जाएगी।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर परिचर्चा

**भोपाल।** राजधानी में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित परिचर्चा प्रेस के खतरों और चुनौतियों पर केंद्रित रही। वरिष्ठ पत्रकार संजीव आचार्य ने कहा कि प्रेस को बदनाम करने की साजिश सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए मीडिया के लोग भी जिम्मेदार हैं। अजय बोकिल ने कहा मीडिया के लिए केवल सोशल मीडिया ही नहीं एआई भी बड़ी चुनौती है।इसमें मूल लेखन खोता जा रहा है पढ़ने की आदत खत्म होती जा रही है, ये अखबार के लिए ज्यादा घातक है। अलीम बज्मी ने कहा कि एआई पर ज्यादा निर्भरता उचित नहीं। ये रिपोर्टिंग में मदद नहीं कर सकती। सतीश सक्सेना ने पत्रकारों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। परिचर्चा में अरुण पटेल, नासिर हुसैन, ओपी श्रीवास्तव, विजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## महिला के गले से 90 हजार का मंगलसूत्र चोरी

**भोपाल।** कोतवाली इलाके में कपड़े खरीदने पहुंची एक बुजुर्ग महिला के गले से बदमाश 90 हजार रुपये कीमत का मंगलसूत्र चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक स्वामी विवेकानंद नगर थाना अयोध्या नगर निवासी ममता राजवेदिया (65) गृहणी हैं। गुरुवार दोपहर बाद वह कोतवाली के इब्राहिमपुरा स्थित दुकान पर कपड़े खरीदने पहुंची थी। इसी दौरान किसी ने उनके गले से मंगलसूत्र चोरी कर लिया। घटना के समय महिला को मंगलसूत्र चोरी होने का पता नहीं चल पाया।

**चौथी और पांचवी पास सदस्यों को रखा नौकरी पर**

# बारहवीं पास होने के बाद सरगना ने खोल लिया फर्जी कॉल सेंटर

**सैकड़ो फर्जी आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पैनकार्ड, सिमकार्ड, मोबाईल, प्रिंटर, लैपटाप समेत सामान जब्त**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हनुमानगंज पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर 6 युवक और 1 महिला समेत 7 सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया है। बिहार का यह गिरोह फर्जी आधार कार्ड से हजारों सिमकार्ड खरीदकर सैकड़ों की संख्या में बैंक खाते खुलवा चुका है।

यह बैंक खाते साइबर जालसाजों को दस हजार रुपए में बेचे जा रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि भोपाल के पहले यह गिरोह मुंबई, लखनऊ, इंदौर, हैदराबाद, अहमदाबाद समेत देश के कई महानगरों और शहरों में इस प्रकार की वारदातों को अंजाम दे चुका है।

अब तक गिरोह 400 अकाउंट खुलवा चुका है और 18 सौ मोबाइल सिम खरीद चुका है। आरोपियों से सैकड़ो फर्जी आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पैनकार्ड, सिमकार्ड, 20 मोबाईल, 2 प्रिंटर, 1 लैपटप, 1 पैन ड्राइवर और 8 हिसाब-किताब की कॉपियां जब्त की गई। प्रकरण में बैंक कर्मचारियों और डाक विभाग के पोस्टमैन की भूमिका भी संदिग्ध लग रही है, लिहाजा पुलिस जांच कर रही है।

जांच के बाद और भी आरोपी बनाए जा सकते हैं। पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र ने बताया कि हनुमानगंज पुलिस को सूचना मिली कि तीन-चार दिन से एक युवक और एक महिला मोबाइल दुकानों पर से अलग-अलग आधार कार्ड से सिम कार्ड खरीद रहे हैं।

आधार कार्ड पर पता अलग-अलग रहता है, लेकिन फोटो प्राय- एक ही होती है। पुलिस ने शिकायत के बाद टीम गठित की। टीम ने पड़ताल की तो पता चला कि आधार कार्ड एडिट किया गया हैं।

### इब्राहिमगंज में ले रखा था फ्लैट

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इब्राहिमगंज स्थित फ्लैट पर छापा मारा। वहां से 6 युवक और 1 युवती को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम शशिकांत उर्फ मनीष, सपना उर्फ साधना पान, अंकित कुमार साहू उर्फ सुनील, कौशल माली उर्फ पंकज, रोशन कुमार, रंजन कुमार उर्फ विनोद, और मोहम्मद टीटू उर्फ विजय बताए।

सभी बिहार के थे। पुलिस ने फ्लैट की तलाशी ली और वहां बड़ी मात्रा में फर्जी आधार कार्ड, पेनकार्ड, सिमकार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल, लैपटॉप, प्रिंटर एवं कॉपी जब्त की।

### पैन कार्ड लिंक नहीं होने वाले लेते थे आधार कार्ड

आरोपी शशिकांत झारखंड से आधार कार्ड का डाटा लेता था। उसके बाद चैक करता था कि किस आधार कार्ड से पैन कार्ड लिंक नहीं है। जिस आधार कार्ड से पैन कार्ड लिंक नहीं होता था, उसका पैनकार्ड वह बनवा लेता था।

उसके बाद गिरोह लैपटॉप में सॉफ्टवेयर की मदद से अपने साथियों के फोटो आधार कार्ड पर लगाकर कलर प्रिंटर से आधार कार्ड की काफी निकाल लेते थे। इसी आधार कार्ड की मदद से वह मोबाइल सिम खरीदी जाती थी। इस आधार कार्ड और मोबाइल सिम की मदद से बैंकों में खाते भी खुलवाए जाते थे।

### खाता खुलवाने वाले साथी को दो हजार

गिरोह का सरगना खाता खुलवाने वाले साथी को वह 2 हजार रुपए देता था। इसी खाते का उपयोग सायबर ठगी करने वालों को 10 हजार रुपए में बेच दिए जाते थे।

सायबर ठग उक्त खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर करा लेते थे। पुलिस ने समय रहते गिरोह का भंडाफोड़ कर लिया, नहीं तो गिरोह यहां से फरार हो जाता। दरअसल, गिरोह से पूछताछ में पता चला कि वह एक शहर में तीन महीने ही रुकते थे।

# सोलह साल की किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



**पेट में दर्द होने पर मां लेकर पहुंची थी अस्पताल**

भोपाल। परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित गांव मुबारकपुर में सोलह साल की किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने पर मां उसे अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने किशोरी का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारण पता चल सकेंगे। पुलिस के अनुसार शवाना पिता शहजाद मियां (16) मुबारकपुर गांव में रहती थी। शवाना के पिता शहजाद मियां खेती किसानी करते हैं। शुक्रवार रात वह खेत पर गए थे। घर में उनकी पत्नी और बेटी शवाना अकेले थे। रात करीब दो बजे शवाना को पेट में असहनीय दर्द हुआ। दर्द इतना अधिक था कि वह बेसुध होने लगी। मां उसे देर रात ही अस्पताल लेकर पहुंची। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने चेक किया और उसका इलाज शुरू कर दिया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई।

## बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित स्कॉटिश गार्डन संजीव नगर में शनिवार सुबह करीब चार बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक को गंभीर चोट आई?थी। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां शनिवार रात उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार आनंद सिंह पिता पूरण सिंह राजपूत (23) गांव लंगरपुर, तहसील बैरसिया में रहता था। पेशे से किसान पूरण सिंह भोपाल आया था और शनिवार सुबह अपने गांव लौट रहा?था। स्कॉटिश गार्डन, संजीव नगर पहुंचते ही उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सुबह करीब चार बजे उसे घायल अवस्था में देख राहगीरों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में इलाज के दौरान रात करीब आठ बजे के आससपास उसकी मौत हो गई।


# 62 किलो से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त पुलिस द्वारा चलाया जा रहा प्रदेशव्यापी अभियान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश पुलिस अवैध नशे के कारोबार को नेस्तनाबूद करने के लिए निरंतर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में डीजीपी सुधीर सक्सेना के निर्देश पर 16 नवम्बर को सुबह 8 बजे से अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए कार्रवाई शुरू की गई। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सुबह से शाम तक कार्रवाही कर 952 किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त किए हैं। प्रदेशव्यापी अभियान के तीसरे दिन पुलिस ने 161 स्थानों पर अवैध मादक पदार्थ जब्त करने में सफलता पाई है। खरगोन जिले के विभिन्न स्थानों से 322। 43 किलोग्राम गांजा, धार जिले में 200। 3 किलोग्राम गांजा, बड़वानी जिले के विभिन्न स्थानों से 157 किलो 900 ग्राम गांजा तथा 105 किलो 394 ग्राम गांजा जब्त हुआ है। साथ ही 30 आरोपियों सहित 1 मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त की है। इस प्रकार प्रदेश में पुलिस ने तीसरे दिन विभिन्न स्थानों पर कार्रवाही कर 920। 673 किलोग्राम गांजा, 0। 900 ग्राम स्मैक, 0। 4 ग्राम चरस एवं 30 किलोग्राम डोडाचूरा सहित 167 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही अवैध मादक पदार्थों के परिवहन में प्रयुक्त 5 वाहनों को भी जब्त किया गया है। एक दिन पहले पकड़ाए थे 126 आरोपी अभियान के दूसरे दिन यानी 15 नवंबर को भी प्रदेश पुलिस ने अभियान के तहत 144। 7 किलोग्राम गांजा, 29 ग्राम स्मैक तथा 146। 53 ग्राम ब्रॉउन शुगर जब्त कर 126 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा कई संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर अवैध मादक पदार्थो के कारोबारियों के खिलाफ निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में मादक पदार्थों के उत्पादन और वितरण में शामिल आपराधिक तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल अवैध मादक पदार्थों पर रोक लगाना है, बल्कि जनता में इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरुकता बढ़ाना भी है।

## शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण



**भोपाल।** कमला नगर पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 34 वर्षीय युवती एक शासकीय विभाग में स्थानीय कार्यकर्ता है। करीब पांच साल पहले उसकी पहचान मोहल्ले में रहने वाले अमर सिंह से हुई थी। अमर सिंह हाउस कीपिंग का काम करता है। दोस्ती गहरी होने के बाद अमर सिंह ने युवती को शादी का झांसा दिया और उसका शारीरिक शोषण करने लगा। बाद में उसने दूसरी युवती से शादी कर ली। पीड़िता ने जब शादी करने का दबाव बनाया तो वह पत्नी को छोड़कर उससे शादी करने का वायदा करता रहा। पिछले दिन अमर सिंह ने शादी करने से इंकार कर दिया तो युवती ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

# एमबीए के स्टूडेंट ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित 9बी साकेत नगर में शनिवार रात एमबीए छात्र की लाश बंद कमरे में फांसी के फंदे पर मिलने से सनसनी फैल गई। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। घटना देर रात की होने के कारण पुलिस ने कमरे का निरीक्षण नहीं किया है। पुलिस ने कमरा सील कर दिया है। आज रविवार को पीएम के बाद पुलिस एफएसएल की मदद से कमरे का निरीक्षण करेगी।

पुलिस के अनुसार दीपांशु पवार पिता लक्ष्मी नारायण पवार (23) मूलत- नसरूल्लागंज, जिला सीहोर का था। वह भोपाल में एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज से एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। मकान मालिक दिनेश मेहता ने बताया कि दीपांशु का कमरा शनिवार सुबह से बंद था। शाम को भी कमरा नहीं खुला। रात करीब 9 बजे वह कमरे के बाहर पहुंचे और दीपांशु को आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अनहोनी की आशंका पर खिड़की से झांककर देखा गया तो दीपांशु फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस का कहना है कि नशरूल्लागंज से मृतक के परिजन आ गए हैं। उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। साथ ही कमरे का निरीक्षण किया जाएगा। परिजन के बयान और निरीक्षण के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा। दीपांशु का मोबाइल जब्त किया गया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022